पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 11 अप्रैल 2024

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

सीयूईटी-यूजी में 13 विषयों की परीक्षा ऑफलाइन कराने का निर्णय स्वागतयोग्य : अभाविप।

'प्रवेश-परीक्षाओं का कम समय में पारदर्शी आयोजन सुनिश्चित करे एनटीए।'

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी)-2024 के आयोजन हेतु अर्थशास्त्र, बिजनेस इकोनॉमिक्स, अकाउंटेंसी/बुक कीपिंग, बायोलॉजी/ बायोटेक्नोलॉजी, बिज़नेस स्टडीज़, रसायन विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, अंग्रेज़ी, जनरल टेस्ट, हिन्दी, इतिहास, गणित, भौतिक विज्ञान, राजनीति विज्ञान आदि 13 विषयों की परीक्षा ऑफलाइन कराने के निर्णय का स्वागत करती है। इन विषयों की एक साथ, एक पाली (Shift) में परीक्षाएं आयोजित होने से छात्रा-छात्रों को सहूलियत होगी तथा एक ही विषय के अलग-अलग पाली में होने वाली परीक्षाओं में प्रश्नपत्र के जटिल या आसान होने संबंधी छात्रों की चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से यह माँग करती है कि विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली विभिन्न स्तरों की परीक्षाओं के आयोजन के दौरान परीक्षा केन्द्र छात्रों को उनके नजदीकी स्थान पर देने, पारदर्शिता, प्रश्नपत्रों को त्रुटिरहित बनाने जैसे बिंदुओं का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे परीक्षाओं का आयोजन सफलतापूर्वक हो सके।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि सीयूईटी-यूजी में जिन विषयों के लिए एक लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनकी परीक्षा एक साथ ऑफलाइन कराने का निर्णय छात्रों के लिए सहूलियत वाला है। विद्यार्थी परिषद, सीयूईटी के सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करती है तथा एनटीए से माँग करती है कि परीक्षाओं के आयोजन में छात्रों के हितों से जुड़े सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर निर्णय ले।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी की गयी है।)